हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

11 40351 घरों को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध...



12 शॉपिंग कॉम्पलेक्स के व्यापारियों को 10 दिन में...



**खबर संक्षेप**



कनीना। गांव गुढ़ा में बणी में जले झुंडे।

### आग लगने से कड़बी जलकर हुई राख

**कनीना।** उपमंडल के गांव गुढ़ा की बणी में शुक्रवार को आग लग गई। जिससे वहां पर खड़े झूंडे जल गए तथा कड़बी में भी आग लग गई। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार आग की लपटें अधिक होने के कारण महेंद्रगढ़ से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई तथा दो गाड़ियों ने करीब घंटा भर में आग पर काबू पाया। आगजनी में बलवीर की कड़बी भी जल गई।

### बिजली सप्लाई दो दिन रहेगी बाधित

**सतनाली मंडी।** 132 केवी सब स्टेशन सतनाली में रिपेयर कार्य के चलते श्यामपुरा, नावां व बारड़ा सब स्टेशनों से चलने वाले गांव में कृषि की बिजली सप्लाई छह व सात दिसम्बर को दिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे बाधित रहेगी। निगम के सतनाली उपमंडल अधिकारी हनुमान सिंह ने बताया कि सब स्टेशन इंजीनियर सतनाली के अनुरोध पर छह व सात दिसंबर को 132 केवी सब स्टेशन पर रिपेयर का कार्य होगा।

## एचएसएससी चेयरमैन ने सोच समझ कर तय किया रिजल्ट जारी करने का समय

# सुबह 3 बजे जारी हुआ सीईटी रिजल्ट कोई खुश तो कोई निराश दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट 2025 के नतीजों की घोषणा कर लाखों अभ्यर्थियों को चौका दिया है। परिणाम पांच दिसंबर की तड़के सुबह करीब तीन बजे अचानक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए। एचएसएससी चेयरमैन ने परिणामों के प्रकाशन का समय सोच-समझकर तय किया। जिसका उद्देश्य सर्वर पर शुरुआती अत्यधिक लोड से बचना हो सकता था, लेकिन परिणाम जारी होते ही प्रदेश भर के युवाओं में हलचल मच गई।

परिणाम जारी होने की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से आग की तरह फैली। सुबह होते ही अभ्यर्थियों ने तुरंत अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड के जरिए रिजल्ट देखना शुरू कर दिया। हालांकि पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी परिणाम देखने की सुविधा दी गई है। अप्रत्याशित समय पर परिणाम आने के बावजूद जैसे ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी वेबसाइट पर उमड़े आयोग की आधिकारिक वेबसाइट धीमी होती चली गई। देर सुबह तक साइट ने काम करना बंद कर दिया। जिससे परिणाम जानने के लिए उत्सुक युवाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

**परीक्षा प्रक्रिया पर एक नजर**

सीईटी 2025 की अधिसूचना 27 मई को जारी की गई थी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून निर्धारित थी जिसे तकनीकी खराबी के कारण दो दिन बढ़ाकर 14 जून किया गया। इस परीक्षा का आयोजन 26 और 27 जुलाई को किया गया था जिसमें अनुमानित 13.50 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। लगभग चार महीने के इंतजार के बाद पांच दिसंबर को परिणाम घोषित किया गया है।

**रिजल्ट आने के बाद अभ्यर्थियों की मिली जुली राय**



नीरज कुमार का कहना है कि उसकी प्रारंभिक परीक्षा 26 जुलाई को इवनिंग शिफ्ट में संपन्न हुई थी। परीक्षा के बाद जब आधिकारिक आंसर की से अपने प्रश्नों का मिलान किया था तो अनुमानित अंक काफी बेहतर बन रहे थे। उम्मीद थी कि परिणाम उसी अनुरूप आएगा। इस बात से मन में थोड़ी निराशा अवश्य हुई, लेकिन इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है।



*अनुज कुमार का कहना है कि पेपर 26 जुलाई को सुबह की शिफ्ट में हुआ था। आंसर–की और वास्तविक परिणामों में अंकों का अंतर देखने को मिला है जिसमें नंबर बढ़े है। अब वह मुख्य परीक्षा की तैयारी लाइब्रेरी की सहायता से और बेहतर तरीके से करेगा, ताकि अच्छा प्रदर्शन किया जा सके।*



योगेश कुमार का कहना है कि 26 जुलाई की शाम को दी गई परीक्षा के परिणाम उम्मीद से थोड़े अलग रहे। आंसर-की से मिलान के बाद जो भरोसा था अंतिम अंकों ने उसे थोड़ी चुनौती दी है लेकिन गिरकर संभलना ही जीत की पहली सीढ़ी है। निराशा को पीछे छोड़ इस परिणाम को एक अवसर मान लिया है। दुगने जोश, सकारात्मकता और कड़ी मेहनत के साथ वह वापसी करेगा।



*अनिल कुमार का कहना है कि सीईटी का पेपर 27 जुलाई को शाम के समय था, पेपर थोड़ा कठिन था और आंसर-की के अनुसार मार्क्स कम जुड़ रहे थे। नॉर्मलाइजेशन को लेकर थोड़ा चिंचित था लेकिन रिजल्ट्स आने के बाद सभी पारियों का साफ़ हो गया, मार्क्स बढ़े है। वह सरकार की नियामवली से खुश है।*

**नॉर्मलाइजेशन ने बदले समीकरण**

सीईटी का परिणाम जारी होने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया की हो रही है। जिसने कई अभ्यर्थियों के भाग्य को पलट दिया है। जानकारी के अनुसार 26 जुलाई सुबह और 27 जुलाई शाम की परीक्षा के प्रश्न पत्र को अपेक्षाकृत कठिन माना गया है। नियमानुसार इन शिफ्टों के अभ्यर्थियों के स्कोर में बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी से कई बच्चों के अंक कट-ऑफ के करीब पहुंच गए। जिसके चलते इन शिफ्ट के अभ्यर्थी बेहद खुश दिखाई दिए। इसके विपरीत 26 जुलाई शाम और 27 जुलाई सुबह की पारियों को आसान माना गया है। नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के कारण इन शिफ्ट के अभ्यर्थियों के अंकों में काफी नुकसान दिखाई दिया, जिससे वे मायूस है। परीक्षा का आयोजन कुल चार पारियों में किया गया था और नॉर्मलाइजेशन ने सभी पालियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है।

**आरक्षण प्रमाण पत्र व तकनीकी खामी**

परीक्षा परिणाम से पहले आयोग ने अभ्यर्थियों को सीईटी करेक्शन फॉर्म भरने का मौका दिया था। हालांकि आरक्षण प्रमाण पत्रों को लेकर एक बड़ी तकनीकी खामी सामने आई थी। वेबसाइट में तकनीकी समस्या के कारण आरक्षण प्रमाण पत्र देर से जारी किए गए थे लेकिन आयोग ने स्पष्ट कर दिया था कि 14 जून तक बने आरक्षण प्रमाण पत्र ही करेक्शन फॉर्म में मान्य किए गए थे।

**एचएसएससी चेयरमैन का संदेश**

चेयरमैन हिम्मत सिंह ने अपने संदेश की शुरुआत सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए की। उन्होंने कहा आप सभी अभ्यर्थियों को सहर्ष सूचित किया जा रहा है कि सीईटी 2025 ग्रुप सी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते है। आपकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प आज रंग लाया है। आगे कहा परीक्षा केवल एक पड़ाव है अंत नहीं। स्वयं पर विश्वास रखें, पुनः तैयारी करें-आपकी मंजिल आपका इंतजार कर रही है। चेयरमैन ने साफ किया है कि एक असफलता करियर का अंत नहीं है, बल्कि एक नया अवसर है।

### सीजन में अब तक सबसे ठंडा रहा नारनौल, पारा 3.5 दर्ज

**नारनौल।** उत्तरी बर्फिली सर्द हवाओं ने सम्पूर्ण इलाके में हाड़कंपा देने वाली सूखी ठंड अपने पैर पसारने लगी है। पिछले 24 घंटों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। चार दिसंबर को जहां महेंद्रगढ़ ने प्रदेश की सबसे सर्द रात का रिकॉर्ड बनाया था, वहीं पांच दिसंबर को नारनौल ने राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज करते हुए पूरे हरियाणा में पहले स्थान पर रहा। जिले में ठंड ने अपने तेवरों को प्रचंड बना दिया है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि नारनौल में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम है। इसे सीजन की अब तक की सबसे ठंडी रात माना जा रहा है। महेंद्रगढ़ में भी ठिठुरन कम नहीं हुई और यहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग तीन डिग्री सेल्सियस कम है। जिला महेंद्रगढ़ गत दो दिनों से प्रदेश के सबसे ठंडे क्षेत्रों की सूची में बना हुआ है। इससे पहले महेंद्रगढ़ प्रदेश के तीसरे सबसे कम तापमान वाले स्थानों में शामिल था, लेकिन लगातार गिरावट ने जिले में शीतलहर की स्थिति उत्पन्न कर दी है।

### चेक बाउंस के मामले में सुनाई 2 साल की सजा, देने होंगे 10 लाख

**नारनौल।** अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में एक व्यक्ति को 10 लाख रुपये देने व दो साल की सजा सुनाई है। चेक पांच लाख का था, कोर्ट ने आरोपित को डबल राशि का भुगतान करने को कहा है। इस मामले के वकील दयाराम यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता गांव सिलारपुर कटकई निवासी अजयपाल ने बताया कि वह गांव रामबास कनीना के रहने वाले वेदप्रकाश को जानता था। इसी जान पहचान के चलते उसने घर खर्च व जरूरी काम के लिए वेदप्रकाश को पांच लाख रुपये वर्ष 2021 में दिए थे। जिसके बाद उसने उससे कई बार पैसे वापस करने के लिए कहा, लेकिन बार-बार टरकाता गया। बार-बार कहने पर वेदप्रकाश ने उसको पांच लाख रुपये का चेक दे दिया। इस पर उसने चेक को बैंक में पैसे निकलवाने के लिए लगा दिया, मगर वह चेक बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद शिकायतकर्ता ने अपने वकील दयाराम द्वारा वेदप्रकाश को एक लिगल नोटिस दिलवाया। मगर इसके बाद भी उसने पैसे वापस नहीं दिए। जिस पर अजयपाल ने अदालत में केस दायर कर दिया। इस पर फैसला सुनाते हुए नारनौल की कोपल चौधररी की अदालत ने आरोपित को शिकायतकर्ता को चेक की राशि का डबल यानी 10 लाख रुपये देने के अलावा दो साल की सजा सुनाई।

### एडहॉक समिति पर गंभीर आरोप, पक्षपात व राजनीतिक हस्तक्षेप के सवाल उठे

**महेंद्रगढ़।** जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटीज द्वारा यादव सभा कार्यकारणी का कार्यकाल समाप्त होने पर 15 सदस्यीय एडहॉक कमेटी गठित की है। एडहॉक कमेटी आदेश के बाद यादव सभा में तीखी प्रतिक्रिया और विवाद तेज हो गया है। शिकायतकर्ता प्रदीप बालरोडिया ने इस आदेश को एकतरफा, पूर्व-नियत और राजनीतिक प्रभाव में लिया निर्णय बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी लिखित शिकायत में कहीं भी एडहॉक कमेटी गठित करने की मांग नहीं की गई थी, फिर भी जिला रजिस्ट्रार ने बिना किसी सहमति और बिना चर्चा के 15 सदस्यों की समिति बना दी, जबकि सभा की नियमित कार्यकारिणी भी 11 सदस्यों की ही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह निर्णय नियमों और प्रक्रिया दोनों की अवहेलना है और इससे यह संदेह गहरा हो गया है कि समिति का गठन कुछ चुनिंदा लोगों के हितों को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। प्रदीप बालरोडिया ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ समय में यह संस्था एक विशेष राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्तियों का प्रभाव केंद्र बनती जा रही है, जहां सार्वजनिक संस्था होते हुए भी निर्णय पारदर्शिता के बजाय राजनीतिक दबाव में लिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यादव सभा, जो कभी समाजिक कार्यों और समानता के मंच के रूप में जानी जाती थी।

### हर्ट अटैक से माजरी के सरकारी टीचर की मौत

**नारनौल।** समीपवर्ती राजस्थान के गांव माजरी (पचेरी) निवासी टीचर करीब 58 वर्षीय लालचंद पुत्र जॉकी राम की अकस्मात हर्ट अटैक आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। ग्राम माजरी निवासी लालचंद पेशे से सरकारी शिक्षक थे और वह जुझारपुर स्कूल में लगे हुए थे। परिजन वेदप्रकाश के अनुसार लालचंद ने घर पर ही शाम का खाना खाया था। रात को उन्होंने जी घबराने एवं बेचैनी होने की बात कही। उन्हें जोरदार पसीना भी आया। इस पर उन्हें शीघ्रता से नारनौल से एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित करते हुए नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार प्रातः नागरिक अस्पताल पहुंची सिंघाना पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों से करा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक का एक बेटा है। ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में मास्टरजी का अंतिम संस्कार कर दिया।





# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style



# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।


डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।




# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

## शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



## धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

## सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

## इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

## देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



## सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

## वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

## सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

## बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

## 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की श्रद्धांजलि सभा आज

**नांगल चौधरी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर पार्क नांगल चौधरी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। जिसमें अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रधान ईश्वर सिंह ने बताया कि देश की एकजुटता, विकास तथा सामाजिक न्याय में डॉ. भीमराव अंबेडकर का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि छह दिसंबर की दोपहर तीन बजे पंचायत समिति प्रांगण में स्थित

### आज मनेगा डा. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति/जन जाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वाधान में छह दिसंबर को सुबह 9 बजे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। सीनियर बैंक मैनेजर एवं संघ के पूर्व प्रधान जयनारायण दुग्गल एवं वर्तमान प्रधान राजपाल गोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि महेंद्रगढ़ रोड पर डीसी आवास के समने स्थित बाबा साहब की स्टेच्यू स्थल पर यह दिवस मनाया जाएगा।

### श्रीश्याम बाबा का जागरण आज

**नारनौल।** श्रीश्याम आस्था मंडल के तत्वावधान में शनिवार रात को शिवालय मंदिर के पास मोहल्ला चौधरियान में श्रीश्याम बाबा का जागरण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान हरिओम गर्ग करेंगे।

## एडीसी ने दी पेयजल संरक्षण अभियान को गति देने के निर्देश

# 40351 घरों को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया

### जिला जल एवं सीवरेज समिति की चौथी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लघु सचिवालय सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं सीवरेज मिशन की चौथी बैठक आयोजित की गई। जिसमें जल शक्ति मंत्रालय के जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महेन्द्रगढ़ के विधायक कंवरसिंह यादव सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से कार्यकारी अभियंता व जिला जल एवं सीवरेज मिशन के सदस्य सचिव जितेंद्र हुड्डा तथा जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने मिशन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिकारी ने बताया कि जिला ग्रामीण क्षेत्र में कुल 40351 घरों को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे जिला हर घर नल से जल लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करने वाला जिला बन चुका है।


नारनौल। जल एवं सीवरजे समिति की बैठक लेते एडीसी उदय सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### विधायक का आह्वान

विधायक कंवरसिंह यादव ने विभाग को निर्देश दिए कि नये बने घरों की सूची तैयार कर उन्हें शीघ्र पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। जहां आवश्यकता हो, वहां नई पाइप लाइन बिछाई जाए। उन्होंने दूषित पेयजल रोकने, अवैध कनेक्शन चिन्हित करने और पेयजल बर्बादी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि जिले की सभी 343 ग्राम पंचायतों में ग्राम जल एवं सीवरेज समितियां सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि 714 सरकारी विद्यालयों व 1068 आंगनबाड़ियों में नल आधारित पेयजल सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2025-26 के दौरान 2547 कैमिकल व 5252 बैक्टीरियोलॉजिकल नमूनों की जांच की गई। जिनमें 154 कैमिकल व 1055 जीवाणु संबंधी नमूने असफल मिले। प्रभावित क्षेत्रों में नहर आधारित पेयजल सप्लाई के कार्य प्राथमिकता से जारी हैं। अकबरपुर नांगल, धोली, बेरी, खुडाना व पालड़ी पनिहारा नहर आधारित पेयजल परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

#### एडीसी के दिशा-निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने निर्देश दिए कि पाइपलाइन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त की गई गलियों को पुनः पूर्ववत किया जाए तथा इसकी निगरानी संबंधित कनिष्ठ अभियंता द्वारा की जाए। उन्होंने सभी जेई को निर्देशित किया कि जिलाभर में लीकेज फ्री ग्राम पंचायत अभियान चलाया जाए। ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों को सक्रिय करने, जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों व गांवों को सम्मानित करने तथा स्कूलों व आंगनबाड़ियों में जल संरक्षण प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त ग्राम सभाओं में जल संरक्षण एजेंडा शामिल करने, समितियों के सदस्य की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बैठक का रिकॉर्ड रखने के लिए ग्राम सचिवों को भी निर्देशित किया।

#### 195 अवैध कनेक्शन हटाए

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण, गुणवत्ता एवं जागरूकता के लिए व्यापक अभियान चल रहे हैं। अप्रैल 2025 से अब तक 858 पीआरआई सदस्यों का प्रशिक्षणए 181 पंचायतों में समिति बैठकें, 915 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और 195 अवैध कनेक्शनों को हटाने की कार्रवाई की गई है। डायरिया रोकथाम अभियान के तहत 1012 गतिविधियां सम्पन्न हुई हैं।

## जुलाना रैली को सफल बनाने के लिए अटेली हलके की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली


मंडी अटेली। अटेली हल्के के जजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हल्का प्रधान बेदू राता।

जननायक जनता पार्टी की कल सात दिसंबर को जुलाना हल्के में होने वाले आठवें स्थापना दिवस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी तेज कर दी है।

इसी सिलसिले में शुक्रवार अटेली में हल्का प्रधान बेदू राता ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अटेली हल्के के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। हल्का प्रधान बेदू राता ने बताया कि पार्टी अपना आठवां स्थापना दिवस नए उत्साह और ऊर्जा के साथ मना रही है। पिछले चुनावों में भाजपा के साथ गठबंधन का नुकसान पार्टी को झेलना पड़ा, लेकिन अब जजपा जनता के विश्वास को दोबारा जीतने के लिए पूरी मजबूती से मैदान में उतर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुरुक्षेत्र आगमन को लेकर उनकी आवभगत के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने 20 करोड़ से अधिक पैसे तो खर्च दिए, लेकिन वह हमारे प्रदेश के विकास के लिए एक भी पैसे की घोषणा नहीं करके चले गए, जिससे जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। जजपा के स्थापना दिवस पर जुलाना में आयोजित होने वाली रैली को लेकर प्रदेश की जनता में विशेष उत्साह बना हुआ है। इस मौके पर जजपा के सोनू जिला पार्षद के अलावा अटेली हल्के के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अनिल कौशिक ने डीजीपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा प्रदेश में नशे के विरुद्ध ओर मुखर अभियान चलाने के लिए निदेशक अनिल कौशिक ने डीजीपी ओपी सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात में हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने अनिल कौशिक की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में नशे के विरुद्ध उनके द्वारा चलाए गए राष्ट्र स्तरीय अभियान की प्रदेश में ही नहीं, अन्य राज्यों में भी सराहना की गई। बता दें कि अनिल कौशिक पिछले 15 वर्षों से ओपी सिंह के साथ अनेक ज्वलंत विषयों पर कार्य करते आ रहे हैं। हरियाणा प्रदेश के खेल निदेशक के तौर पर ओपी सिंह ने अनिल कौशिक को तत्कालीन महत्वपूर्ण खेल योजना सपेट पर टेली फिल्म बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। अनिल कौशिक द्वारा निर्मित फिल्म का असर काफी उत्सवर्धक रहा था। शिष्टाचार भेंट के उपरांत अनिल कौशिक ने कहा कि प्रदेश के प्रभावशाली डीजीपी ओपी सिंह अपनी कार्यशैली से आम नागरिक के साथ-साथ कानून व्यवस्था के लिए मिसाल बन चुके हैं, डीजीपी से मिलने वाला प्रत्येक व्यक्ति उनकी प्रशंसा किए बिना नहीं रह सकता। कौशिक ने कहा कि राज्य में नशे के विरुद्ध चलाई जाने वाले अभियान को और अधिक गति प्रदान की जाएगी।


महेंद्रगढ़। डीजीपी ओपी सिंह का अभिनंदन करते अनिल कौशिक। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। विद्यार्थियों को जानकारी देते रामसिंह मधुर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दी चरित्र निर्माण की जानकारी

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में शुक्रवार को नर नारायण सेवा समिति के प्रधान रामसिंह मधुर व सेवानिवृत्त प्राचार्य भारत भूषण तायल ने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें हमारी विरासत व संस्कारों को जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वजों व गुरुजनों का हमेशा आदर करना चाहिए। उज्ज्वल चरित्र से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि बड़ों का आदर सत्कार करना न भूले। इस अवसर पर विद्यार्थियों को समिति की ओर से जूते व जुराब भी वितरित की गई। इस मौके पर प्राचार्य रोशनलाल, देवीप्रकाश, महेंद्र सिंह, सिंहराज लाम्बा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान ने हुआ।

### 168.60 ग्राम गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों, जुए के अड्डों और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कड़ी कार्रवाई कर थाना शहर पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को 168.60 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना शहर की पुलिस टीम गस्त के दौरान तुलाराम चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि मोहन निवासी कुराहवटा गांजा बेचने का अवैध धंधा करता है और वह अपनी मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कुराहवटा रोड पर नाकाबंदी शुरू की। कुछ ही देर बाद पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया।

## हैप्पी स्कूल में गीता जयंती पर संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गीता जयंती पर संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म तथा संस्कृत भाषा के प्रति सम्मान एवं रुचि विकसित करना था।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गीता मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला शाश्वत मार्गदर्शक है। मंच संचालन कक्षा सातवीं की छात्राओं दीक्षा यादव और दीक्षा शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन नीलम शर्मा और हरीश शर्मा ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों के उच्चारण, स्वर, भाव और प्रस्तुति के आधार पर अंक प्रदान किए। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन संस्कृत अध्यापिका विश यादव व रेखा शर्मा की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया, प्रिया, तनय, सौम्या व अक्ष ने पाया। द्वितीय स्थान दक्ष, जेम्स, अंशिका, यशस्वी पर रहे।


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


मंडी अटेली। पदभार ग्रहण करती प्राचार्या अनिता यादव। फोटो : हरिभूमि

### प्राचार्या अनिता ने किया पदभार ग्रहण

**मंडी अटेली।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद में अनिता यादव ने प्राचार्या के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह पद जून माह में प्राचार्य भूपसिंह की सेवानिवृत्ति पर रिक्त हुआ था। नवनियुक्त प्राचार्य पदभार अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान धर्मेंद्र यादव ने अनिता यादव को एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक बताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से स्कूल में शिक्षा का स्तर उन्नत होगा और स्कूल में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्राचार्या अनिता यादव ने कहा कि वे स्कूल को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगी। प्राचार्य ने अपनी पदोन्नति पर 5100 रुपये गोशाला को भेंट किए। विद्यालय स्टाफ ने प्राचार्या के नेतृत्व में स्कूल को और भी बेहतर बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मा. धर्मेंद्र यादव, प्राचार्य विजयपाल, मुख्याध्यापक रोशनलाल, सरिता ग्रोवर, नीलम, योगेश चौहान, ताराचंद, संजीव कुमार, सुरेश प्रधान व चन्दन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिंघानिया विश्वविद्यालय के छात्र को राज्य स्तरीय पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र एवं पैरा सिटिंग वॉलीबॉल खिलाड़ी पुरुषोत्तम सिंह को राजस्थान राज्य स्तर पर विशेष योग्यजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जयपुर स्थित नेहरू भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, निदेशालय विशेष योग्यजन, जयपुर द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के मुख्यातिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रहे। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम सिंह को उनके उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्यों के लिए दस हजार की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरुषोत्तम ने पैरा सिटिंग वॉलीबॉल में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय, जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उनके इस सम्मान से सिंघानिया विश्वविद्यालय में भी हर्ष और गर्व की अनुभूति है। यह सम्मान उनके संघर्ष, निरंतर मेहनत और खेल के प्रति समर्पण की विशिष्ट पहचान है।


नारनौल। छात्र को सम्मानित करते हुए।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों ने दी सहयोग राशि

- सैनिकों का सम्मान हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को सम्मान देने व देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों तथा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सहायता राशि जुटाने के लिए समर्पित सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में सहयोग राशि भेंट की। इससे पहले जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर सतीश चंद्र यादव सेवानिवृत्त ने एडीसी को फ्लैग लगाया।

इस अवसर पर एडीसी ने सभी जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है कि हम उन परिवारों का सम्मान करें, जिन्होंने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि सात दिसंबर को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में सभी नागरिक सहयोग राशि भेंट करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से शहीद जवानों के आश्रितों को एक करोड़ की अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है।


नारनौल। एडीसी उदय सिंह को फ्लेग लगाते सतीश चंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

## सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का आध्यात्मिक भ्रमण


नारनौल। भ्रमण करते विद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सूरज स्कूल के कक्षा तृतीय से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों के साथ रामेश्वर दास मंदिर का शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक भ्रमण किया। इस पवित्र स्थल पर पहुंचे सभी बच्चों ने मंदिर में दर्शन कर दिव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल धार्मिक वातावरण को समझा, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिकता के महत्व को भी जाना।

अध्यापकों ने बच्चों को मंदिर के इतिहास और धार्मिक मान्यताओं के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी। यह यात्रा बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुई। सभी छात्र उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ विद्यालय लौटे।


महेंद्रगढ़। अधिकारियों की बैठक लेती एसडीएम कनिका गोयल। फोटो : हरिभूमि

## उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक आयोजित

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय में एसडीएम कनिका गोयल ने शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक ली। बैठक में इस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की गई। एसडीएम कनिका गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति जनजाति से संबंधित सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई गई हैं उनका लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन केसों के तहत सभी पीड़ितों को आर्थिक सहायता समय पर दी जानी सुनिश्चित की जाए तथा पुलिस विभाग से तालमेल करके इनकी स्थिति का अधिकारी जायजा लेते रहे तथा अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें की पीड़ितों को सहायता लेने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम का केस लगता है तो अधिकारी तुरंत उसे संबंधित विभाग को भेजें। इस अवसर पर जिला कल्याण विभाग से एआरओ धर्मेंद्र कुमार, लिपिक मोहित, रोहताश सिंह खातोद, दीपक सुरजनवास, कूरडाराम चितलांग, राजेश कुमार बवानिया के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दैनिक रेलयात्री महासंघ ने बीकानेर मंडल के उच्च अधिकारियों को की शिकायत

# घटिया स्तर की ईंट अब लगाई जा रही क्वाटरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रेलवे स्टेशन पर ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से अमृत योजना के तहत बनने वाले स्टेशन पर वीरवार को रेल अधिकारियों को शिकायत करने के बाद 80 फीट की दीवार को घटिया सामग्री से बनी थी, उसे जेसीबी मशीन से हटाया गया था। अब वहीं ईंट ठेकेदार द्वारा रेलवे के बनने वाले क्वाटरों पर इस्तेमाल की जा रही है।

बता दें कि दैनिक रेलयात्री महासंघ का कहना है कि जो दीवारें बन चुकी है, उन पर पूटी लगाकर भर दी गई। इससे किया गया घपला उजागर ना हो सके। यह स्टेशन 17 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जा रहा है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि केवल पांच से सात करोड़ रुपये रूपये खर्च करके विभाग वाहवाही लूटना चाहता है। इसकी शिकायत दैनिक रेलयात्री महासंघ के प्रधान रामनिवास पाटोदा द्वारा रेलमंत्री को शिकायत भेजी गई और उन्होंने मांग की है कि इसकी जांच विजिलेंस द्वारा व श्रीराम लैब दिल्ली द्वारा सैंपल भरवाएं व ठेकेदार को भुगतान जब किया जाएं, जब लैब की रिपोर्ट ने आ जाए। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन भवन के निर्माण में खराब सामग्री इस्तेमाल करने का मामला सुर्खियों में है।

दैनिक रेलयात्री महासंघ ने इसकी शिकायत बीकानेर मंडल के उच्च अधिकारियों को की है। महासंघ के अध्यक्ष ने बताया कि घटिया स्तर की सामग्री लगाने की शिकायत बीकानेर के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया था तथा कुछ ही मिनटों में चिनाई की हुई लगभग 80 फीट दीवार को जेसीबी से तोड़ा गया था।


महेंद्रगढ़। क्वाटर निर्माण में लगाई जा रही ईंट। फोटो : हरिभूमि

#### 17 करोड़ रुपये होने है खर्च

*अमृत योजना के तहत महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन पर कार्य जारी है। इसमें लगभग 17 करोड़ रुपए खर्च होने है। इसका मैप भी रेलवे द्वारा जारी कर रखा है। यहां पर विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए अलग-अलग टेंडरों के तहत कार्य किए जा रहे है। जिसमें 11 करोड़ रुपए से स्टेशन के करीब साढे आठ हजार स्कवायर मीटर का एरिया पर अलग-अलग कार्यों को छह माह में पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई थी तथा स्टेशन का 90 प्रतिशत कार्य पूरा भी हो गया है। आदर्श रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण के लिए रूद्रा शिवाय कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर अलाट हुआ है। कंपनी ने स्टेशन पर अपना कार्य शुरू करते हुए महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन का काम भी शुरू कर दिया गया था। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेलमंत्री रेलवे स्टेशन को अमृत योजना के तहत सौंदर्यीकरण करवा रहे है।*

*कनीना से कार में सवार होकर अपने सहयोगी के साथ डूंगरवास शादी समारोह में जा रहे थे*

# 1987 व 1995 में दो बार कनीना नगर पालिका प्रधान रहे राजेंद्र सिंह लोढ़ा की मौत, रेवाड़ी में सड़क हादसे में गई जान

**रेवाड़ी में बालाजी मार्केट के पास स्टेट कैरिज बस ने मारी उनकी आल्टो कार में टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका के पूर्व प्रधान 75 वर्षीय राजेंद्र सिंह लोढ़ा का वीरवार रात्रि में निधन हो गया। वे वीरवार दोपहर करीब तीन बजे अपने सहयोगी दीपक के साथ कनीना से डूंगरवास गांव में आयोजित एक शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। रेवाड़ी के बालाजी मार्केट के समीप पहुंचे, तो सामने से आ रही स्टेट कैरिज बस ने उनकी आल्टो को टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार बस व डिवाइडर के बीच में आकर पिचक गई। इस हादसे में राजेंद्र सिंह लोढ़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं चालक दीपक को भी चौटे आई। एडवोकेट जेपी लोढ़ा ने बताया कि दोनों घायलों को राहगीरों ने मार्केट के लोगों के सहयोग से रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने उपचार के दौरान सायं करीब सात बजे दम तोड़ दिया, जबकि दीपक का उपचार जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसा ग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर अपने कब्जे में ले लिया तथा शव का नागरिक अस्पताल रेवाड़ी में पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे उनका पार्थिव देह कनीना में पहुंचा। जहां फूल मालाओं व जय घोष के बीच यात्रा में निकलते हुए अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र पुत्र व एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



राजेंद्र सिंह लोढ़ा। फाइल फोटो



कनीना। श्रद्धांजलि देते पूर्व विधायक सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएसपी दिनेश यादव व अन्य। फोटो: हरिभूमि



कनीना। हादसे के बाद मौके पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

### बार एसोसिएशन ने जताया शोक

उनके निधन पर बार एसोसिएशन ने दो मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुक्रवार को वर्क सस्पेंड रखा। इसके अलावा उनके निधन की सूचना मिलते ही शोक स्वरूप कनीना के बाजार पूर्ण रूप से बंद रहे और लोगों में शोक व्यक्त किया।

### ये हुए अंतिम यात्रा में शामिल

अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक सीताराम यादव, बीजेपी जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव, पूर्व जिला महामंत्री जसवंत सिंह बबलू, भाजपा नेता अजीत सिंह कलवाड़ी, अशोक ठेकेदार, महेश बोहरा, स्वास्थ्य मंत्री के पीए गोविंद गोस्वामी, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश नंबरदार, पार्षद नितेश गुप्ता, पार्षद योगेश, होशियार सिंह, बबलू पार्षद, पूर्व पार्षद मा. दलीप सिंह, अरविंद यादव, मार्केट कमेटी अध्यक्ष जेपी कोटिया, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, डॉ. कुलदीप यादव, नपा के पूर्व प्रधान सतीश जेलदार, मार्केट कमेटी पूर्व प्रधान राजकुमार कनीनवाल, एसडीम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत, डीएसपी दिनेश यादव, चेयरमैन विनय कुमार एडवोकेट, नपा सचिव कपिल कुमार, पार्षद दीपक चौधरी, बार एसोसिएशन प्रधान मंजीत कोटिया, सूबेदार मुन्नीलाल सुंदरह, नपा के पूर्व सचिव रोहतास यादव, कैलाश ठेकेदार, प्राचार्य विक्रम सिंह, गौड़ ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रविंद्र कौशिक आदि शामिल हुए।

## दो फीट तक चढ़ने-उतरने के लिए लगाई जा सकती हैं सीढ़ियां

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों को 10 दिन में खाली करने होंगे बरामदे

**व्यापारियों ने लघुसचिवालय में अतिक्रमण को लेकर की बैठक**







महेंद्रगढ़। व्यापारियों को संबोधित करती एसडीएम कनिका गोयल व एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी तथा बैठक में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

तीन दिन चले बाजार में अभियान के बाद शुक्रवार को व्यापारियों ने लघु सचिवालय में बैठक की। इस दौरान एसडीएम कनिका गोयल और व्यापार मंडल के बीच अतिक्रमण को लेकर एक बैठक हुई, जिसमें एसडीएम ने स्पष्ट किया कि बाजार में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिछले तीन दिनों में शहर के बाजार में करीब 60 व्यापारियों और दुकानदारों के लगभग 20 लाख रुपये के चालान किए जा चुके हैं, जिससे व्यापारियों में रोष देखने को मिल रहा था। नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में व्यापार मंडल ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। शुक्रवार को हुई बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके बाद व्यापारियों को एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम कनिका गोयल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर समाधान निकाला गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम के समक्ष पांच मांग रखी, जिनमें काटे गए चालान को रद्द करने, शहर में पार्किंग की व्यवस्था करने, शॉपिंग कॉम्पलैक्स में बरामदे व अन्य बाजार में दो फिट तक चालान न काटने, चालान की राशि 500, 1000 व 2000 रुपये तक करना व आवारा पशु, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अनेक मांग रखी गई।

### अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन निश्चित रूप से कार्रवाई करेंगा। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में बने बरामदे भी खाली करवाए जाएंगे, जिसके लिए व्यापारियों को 10 दिन का समय दिया गया है। एसडीएम ने व्यापारियों को चालान की राशि कम करने का आश्वासन दिया। साथ ही निर्णय लिया गया कि हर महीने के पहले शुक्रवार को अतिक्रमण से संबंधित मुद्दों पर बैठक आयोजित की जाएगी।

### 10 दिन की चेतावनी के बाद होगी कार्रवाई

एसडीएम ने कहा कि बरामदे भी खाली करवाए जाएंगे। इसके लिए व्यापारियों को 10 दिन का समय दिया गया है। 10 दिन के अंदर व्यापारी स्वयं नहीं हटे, तो प्रशासन दोबारा अपनी कार्रवाई शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी या दुकानदार अतिक्रमण करना बंद कर देगा, तो उसके चालान कम कर दिए जाएंगे। साथ ही महीने में एक बार व्यापारियों के साथ मीटिंग रखने का निर्णय भी लिया गया है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर लक्खीराम सोनी, सोनू पटेल, अंशुल, अशोक कुमार, हर्ष शर्मा, हरिशंकर, विजय कुमार, पुनित कुमार, बिशनदयाल, राजेश कुमार, पवन, घनश्याम दास, कनीष कुमार, राजू, दीपक संतलाल, दीपेंद्र, संजय कुमार, बबलु सैनी, आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम को बताई समस्याएं

इससे पहले, महेंद्रगढ़ व्यापार मंडल ने लघु सचिवालय में व्यापारियों के साथ अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र बंटी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें एक शिष्ट मंडल ने एसडीएम से मिलकर अपनी बात रखने का निर्णय लिया। बैठक के बाद शिष्टमंडल ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं बताई। प्रतिनिधिमंडल में नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी भी मौजूद रहे। एसडीएम कनिका गोयल ने स्पष्ट किया कि बाजार में आमजन और वाहन ड्राइवरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए व्यापारी अपना सामान दुकानों के बाहर न रखें। उन्होंने कहा कि केवल दुकान पर चढ़ने-उतरने के लिए सीढ़ियां लगाई जा सकती हैं। एसडीएम ने मीडिया से बात में कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### उतरने-चढ़ने के लिए दो फीट जगह

महेंद्रगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी ने कहा की एसडीएम ने उनकी सभी बात अच्छे से सुनी है, जो व्यापारी या दुकानदार अतिक्रमण नहीं करेगा, तो उनका चालान मिनिमम कर दिया जाएगा। व्यापारियों को दो फीट जगह चढ़ने उतरने के लिए दी गई है, उस पर वह अतिक्रमण नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा शॉपिंग कॉम्पलैक्स में दुकानदार बरामदे में ढाई फीट तक सामान रख सकता हैं, वो भी पक्का नहीं कर सकते हैं। इसके बाद उन्होंने एसडीएम कनिका गोयल को एक ज्ञापन सौंपा।

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



निजामपुर। बिजली की बाधित सप्लाई से परेशान ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन देते हुए। फोटो: हरिभूमि

**परेशान ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

पिछले एक सप्ताह से बिजली सप्लाई से परेशान होकर गांव आजमाबाद मौखूता व ब्राह्मणवास नो के ग्रामीणों ने उपमंडल कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही बरतने तथा शिकायत को अनदेखा करने के आरोप लगाए। जिस कारण ग्रामीणों को बाधित बिजली सप्लाई से जूझना पड़ रहा है। करीब एक घंटे तक नारेबाजी करके निगम के कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार व शेरसिंह को ज्ञापन सौंपा।

किसान संजय कुमार, कृष्ण कुमार, कर्मवीर, सहीराम शर्मा, तेजपाल, जिलेसिंह, जयसिंह, रामनिवास, मनमोहन, जयकिशोर, राजकुमार ने लिखित शिकायत देते हुए कहा कि ब्राह्मणवास नो, आजमाबाद मौखूता व नारेहड़ी गांव में पिछले एक सप्ताह से बिजली की सप्लाई बाधित है। एक घंटे सप्लाई चलती है, इसके बाद 40 मिनट कट लगता है। ऐसे में फसलों की सिंचाई करने में जुटे किसानों को रातभर बोरवेल व खेतों के बीच भागदौड़ करनी पड़ रही है। विद्यार्थियों की पढ़ाई व्यवस्था भी चरमरा गई। दो महीने बाद वार्षिक परीक्षा होगी, लेकिन तैयारी नहीं होने के कारण खराब परिणाम की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों की सुबह 10 बजे बैठक हुई, जिसमें सामुहिक रूप से विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। अधिकांश लाइनों के तार जर्जर हो चुके तथा सप्लाई का लोड पड़ते ही लाल होकर टूट जाते हैं।

### माफी मांगनी चाहिए

ज्ञापन लेने के बाद निगम के कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज से एक दिन 24 घंटे के लिए आजमाबाद मौखूता व एक दिन ब्राह्मणवास नो को डीएस फीडर से सप्लाई दी जाएगी। बिजली के तार जर्जर हैं, एस्टीमेट बना दिया गया है, मार्च के बाद जर्जर तारों को हटाकर नई लाइन बिछाने का प्रपोजल तैयार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जुआं खेलते 5 गिरफ्तार 8230 रुपये बरामद

**महेंद्रगढ़।** विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत सीआईए पुलिस ने कार्रवाई कर गुप्त सूचना के आधार पर मौहल्ला खटीकान क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हजारों रुपये की नकदी बरामद की है। सीआईए पुलिस टीम गश्त के दौरान तुलाराम चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मौहल्ला खटीकान के पास गली में कुछ व्यक्ति बैठकर ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर दबिश दी और घेराबंदी करके पांचों आरोपितों को काबू कर लिया।

### अशोक राव का कविता संग्रह ‘यादें’ प्रकाशित

**महेंद्रगढ़।** नगर के साहित्यकार सीए अशोक राव का कविता संग्रह यादें अस्तित्व प्रकाशन बिलासपुर द्वारा प्रकाशित हुआ है। पुस्तक में वर्ष 1988 से 1991 के बीच लिखी गई कविताओं को शामिल किया गया है, जिनमें उनके किशोरावस्था से युवावस्था तक के अनुभवों, संवेदनाओं और विचारों का सुंदर चित्रण मिलता है। सीए अशोक राव ने बताया कि अस्सी के दशक में जब किशोरावस्था से तरुणाई की दहलीज पर कदम रखा था, तभी मन के किसी कोने से कविता आकार लेने लगी। यह संग्रह उन भावनाओं और जीवन के विविध रंगों, सुख-दुःख, प्रेम, आशा और संघर्ष का अभिव्यक्त रूप है, जिन्हें उन्होंने शब्दों में पिरोने का प्रयास किया है।

# मूसनोता में अनियंत्रित डंपर आवासीय घर की दीवार से टकराया, हादसा टला

- **पीड़ित मकान मालिक ने नुकसान की भरपाई कराने की लगाई गुहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

मूसनोता गांव में एक अनियंत्रित डंपर आवासीय मकान की दीवार से टकरा गया। गनीमत रही परिजन अंदर मकान में थे। अन्यथा जानलेवा हादसा संभव था। हादसे को अंजाम देकर चालक घटना स्थल से फरार हो गया। पीड़ित मकान मालिक ने पुलिस को शिकायत देकर डंपर चालक पर कार्रवाई करने तथा नुकसान की भरपाई कराने की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मूसनोता के पास पहाड़ पर बीते दशक से अवैध खनन हो रहा है तथा क्रैशर स्थापित हो गए, जहां पत्थरों की पिसाई होने लगी है। पत्थर सप्लाई के लिए रोजाना 700 से 800 डंपरों का संचालन हो रहा है। जिनके चालक जल्दी चक्कर लगाने की होड़ में तेज रफ्तार से दौड़ाते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे ग्रामीण सोए हुए थे। इसी दौरान एक डंपर आवसीय मकान की दीवार से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि पूरी दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान परिजन सोए हुए थे, टक्कर की आवाज सुनकर बाहर निकले। इस दौरान पूरी दीवार गिरी हुई थी।



नांगल चौधरी। अनियंत्रित डंपर की टक्कर से गिरी मकान की दीवार।

### पुलिस ने 4 दिन में 26 आरोपी किए गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार अपराध व नशा तस्करी पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक दिसम्बर से राज्य स्तरीय ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया जा रहा है। इस विशेष ऑपरेशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर 12 अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो पूरी सजगता के साथ कार्य कर रही हैं। पुलिस एक दिसम्बर से चार दिसम्बर तक त्वरित कार्रवाई में कुल 26 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। मादक पदार्थों की तस्करी में टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर 168 ग्राम गांजा व मोटर साइकिल बरामद की है। वहीं अवैध शराब के कारोबार में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# ऑनलाइन गेम की लत से बना अपराधी, दो सौ की इन्वेस्टमेंट और 18 हजार का प्रॉफिट

- **सीएससी संचालक से 18 हजार ठगने वाला आरोपित गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सीएससी सेंटर संचालक को झांसा देकर 18000 रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान सौरभ छाबड़ा निवासी अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। जिसे पुलिस ने बीती रात बहरोड़ राजस्थान क्षेत्र से काबू किया। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की जानकारी के अनुसार सीएससी सेंटर संचालक सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 नवम्बर को एक अनजान व्यक्ति उसके सेंटर पर आया। उसने क्यूआर कोड के माध्यम से 18000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए और बदले में संचालक को नकद राशि देने की बात कही।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### पहले भी कर चुका ठगी

जांच में सामने आया कि आरोपित सौरभ को ऑनलाइन गेम खेलने की लत है और वर्तमान में गुड़गांव के एक पीजी में रह रहा था तथा अपनी लत पूरी करने के लिए ठगी करता था। आरोपित पर इसी तरह की नारनौल क्षेत्र की एक अन्य ऑनलाइन शिकायत भी है। जिसमें आरोपित ने इसी तरीके से 18-18 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवाए थे।



नारनौल। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता जगाएं

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर में शुक्रवार को विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीकार न्याय और सम्मान विषय पर शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व समाज में सेक्स वर्कर्स तथा ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता, समानता और सम्मान की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट सुधीर कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लैंगिक पहचान, मानव गरिमा और संविधान द्वारा प्रदत्त सुरक्षा प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नालसा व हालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि कानून की नजर में हर नागरिक समान है और सभी को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का सम्मान उसकी सामाजिक पहचान या पेशे पर नहीं, बल्कि उसकी मानवता पर आधारित होना चाहिए। हमें समाज के हर वर्ग को खुले मन से स्वीकार करना चाहिए।

## ड्रग फ्री हरियाणा को लेकर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की पहल

# ‘नशे से जंग महेंद्रगढ़ के संग’ विशेष अभियान आज से

*जागरूकता शिविर रैलियों व पुनर्वास सेवाओं का प्रचार होगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देश पर जिले में ड्रग फ्री हरियाणा मिशन को गति देने के लिए नशे से जंग महेंद्रगढ़ के संग मासिक अभियान शुरू होगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से छह दिसंबर से छह जनवरी 2026 तक चलने वाले इस विशेष जागरूकता अभियान के माध्यम से आमजन विशेषकर युवाओं को नशे के जानलेवा खतरों से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश व डीएलएसए के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा के मार्गदर्शन में इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नशे के खतरे, इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभावों व एनडीपीएस अधिनियम के कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है। ऐसे में उन्हें जिले में उपलब्ध पुनर्वास सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। इस व्यापक अभियान का मकसद एक सशक्त जन आंदोलन का रूप देना है। समाज को प्रेरित करने के लिए उन नागरिकों की सकारात्मक कहानियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा जिन्होंने नशा छोड़कर एक नया जीवन शुरू किया है। उन्होंने बताया कि गांव से लेकर शिक्षण संस्थान तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अभियान को सफल बनाने के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत विभिन्न गांवों, विद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह रैलियां, प्रतियोगिताएं व कानूनी साक्षरता सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।



नीलम कुमारी।

### सोशल मीडिया पर नशा रोधी वीडियो क्लिप लॉन्च के साथ होगी अभियान की शुरुआत

अभियान की शुरूआत छह दिसंबर को सोशल मीडिया पर नशा रोधी वीडियो क्लिप के लॉन्च के साथ होगी। पहले दिन छह दिसंबर को शहर के वार्ड नंबर एक व दो तथा गांव बसीरपुर में यह अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार इसी दिन पीजी कॉलेज में युवाओं को नशे के नुकसान के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वालंटियर, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करवाएंगे। सचिव नीलम कुमारी ने आश्वस्त किया कि इस अभियान की हर रोज की रिपोर्ट और फोटोग्राफी तैयार की जाएगी, ताकि इसकी प्रगति का सही आंकलन किया जा सके।